www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापक: बाबूसिंह चौहान
बिजनौर : बुधवार, 7 अक्टूबर, 2026
अंक- 344 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# चिंगारी

जीवन में क्या बनूंगा, कभी सोचा ही नहीं; जिसने गिराया, उसी ने खड़ा होना सिखाया
-पीएम मोदी














# मनोज पारस के प्रयासों से बनी बात, हसनपुरा वालों को मिलेगी जलभराव से निजात

**किरतपुर (चिंगारी)**। नगर के मौहल्ला हसनपुरा में वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या का समाधान होने जा रहा है। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो बहुत जल्द पुलिया का निर्माण होगा। क्षेत्रीय विधायक मनोज पारस द्वारा पानी की निकासी के लिये पुलिया निर्माण कराया जा रहा है, जिसके बनने के बाद मौहल्लेवासियों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। गौरतलब है कि शहर के मौहल्ला हसनपुरा सहित क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से ओल्ड एनएच के नवनिर्माण एवं पुलिया से संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग की जा रही थी। क्षेत्रवासियों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक मनोज पारस द्वारा 14 सितंबर 2026



को मेरठ में एनएच एआई के परियोजना निदेशक (पीडी) एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष क्षेत्र की समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से रखा गया। विधायक मनोज पारस द्वारा उठाई क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप ओल्ड एनएच रोड के नवनिर्माण के 11 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई, जो क्षेत्र के लिये एक बड़ी सौगात है। विधायक मनोज पारस ने 6 अक्टूबर 2026 को लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के असिस्टेंट इंजीनियर (एई) एवं जूनियर इंजीनियर (जेई), बिजनौर-किरतपुर को मौके पर बुलाकर पुलिया की स्थिति का निरीक्षण कराया। अधिकारियों ने पुलिया की स्थिति का जायज़ा लेते हुए आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर मोहतशिम परवेज़, मुदस्सिर सुल्तान, फहीम साबरी, नवेद खां, जरीर मकरानी, राकिब अंसारी, अजीम राजा, शेख मौहम्मद जाहिद, पुरूषोत्तम कुमार बब्बी आदि मौजूद रहे।


## मिर्गी दौरे

**(मिर्गी के लक्षण)**

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



**(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)**

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

**45 वर्ष से आपकी सेवा में**

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


## अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना हुआ समाप्त

**नजीबाबाद (चिंगारी)**। किसान यूनियन महात्मा टिकैत के कार्यकर्ताओं ने किरतपुर क्षेत्र के गांव कुतुबपुर उर्फ कुत्तों गाजीपुर प्रकरण में नामजद दो आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर तहसील परिसर में धरना दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी तक धरना जारी रखने की बात कही। बाद में अधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया। धरने में कपिल अहलावत, कुलदीप कुमार, सचिन कुमार, उस्मान अहमद, सुरेशचंद्र, रामनरेश राठी, सनी चौधरी, सूरज सिंह, राजपाल सिंह, नीरज कुमार, ललित कुमार आदि शामिल रहे।

## Information

In school record of my son MOHD SUBHAN SIDDIQUI, the parent's names have been wrongly mentioned.The father's name is wrongly printed as MOHD RIHAN instead of MOHEMMED REHAN.

The mother's name is wrongly printed as RIHANA PARVEEN instead of REHANA PARVEEN.

The correct names are Father: MOHEMMED REHAN and Mother: REHANA PARVEEN. R/O: Mohalla muneerganj, Najibabad,(Bijnor), Uttar Pradesh -246763

## स्कूल के बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी

**नजीबाबाद (चिंगारी)**। कंपोजिट विद्यालय जुल्फ़कारपुर गढ़ी नजीबाबाद में यातायात जागरूकता के संबंध में होंडा रोड एडवाइजर के ललित द्वारा सभी बच्चों को वीडियो के माध्यम से सड़क-सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई। वीडियो के बीच-बीच में व अंत में सभी बच्चों से प्रश्न किए गए। सभी बच्चों से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)**। मंडावली पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। क्षेत्र के एक गांव में करीब सात माह पूर्व 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति ने 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म किया था। उस समय अधेड़ के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ था। बाद में जांच में किशोरी छह माह की गर्भवती होने की पुष्टि हो जाने पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित दुष्कर्म की गंभीर धाराएं बढ़ा दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर न्यायालय में पेश किया।

## सैंटमैरी मंडावली के कनक राठी ने रजत पदक जीता



**नजीबाबाद (चिंगारी)**। सेंट मैरीस इंटर कॉलेज मंडावली की होनहार छात्रा कनक राठी पुत्री अनुज राठी निवासी सफियाबाद ने लखनऊ में आयोजित 61 वीं उत्तर प्रदेश राज्य ओपन जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2026 में चक्का फेंक (डिस्कस थ्रो) में रजत पदक जीतकर अंडर 18 वर्ग में बिजनौर का नाम रोशन किया। कनक राठी की सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक फादर जोस आलूकल, प्रधानाचार्या सिस्टर शीबा अगस्टी, द्विजेंद्र त्यागी, मुकुल राठी, आलोक त्यागी पंकज, महेश, शैलेश आदि ने प्रसन्नता जाहिर की।


## नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं

असली इलेक्ट्रिक एथर इलेक्ट्रिक इंडिया का नं. फैमिली स्कूटर

ATHER



लिमिटेड स्टॉक

नवरात्रों के लिये बुकिंग प्रारंभ

अपनी पसंद का स्कूटर आज ही बुक करायें।

**Dhruvika Motors LLP**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 9119766026

**DHAMPUR :**

Indra Nagar Colony Near AYushman Hospital Dhampur MOb. 9762717747

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 7 अक्टूबर, 2026

# 25 साल की सेवा यात्रा व्यक्तिगत महिमामंडन का अवसर नहीं- मोदी

## 50 मिनट में 6 बार बोले-वी विल डू इट



नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात और केन्द्र सरकार के प्रमुख के रूप में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज कहा कि यह यात्रा उनके लिए व्यक्तिगत महिमामंडन का अवसर नहीं, बल्कि देश के लिए नये संकल्प और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। श्री मोदी ने सरकार के प्रमुख के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यहां विकसित भारत संकल्प सभा में 2047 तक विकसित भारत बनाने, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा, 'हम करके रहेंगे वी विल डू इट।' प्रधानमंत्री के साथ उपस्थित लोगों ने भी इस नारे को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत के 140 करोड़ देशवासी मिलकर 2047 का विकसित भारत जरूर बनाएंगे और देश अब रुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर 2001 को जब उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तब उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि सरकार के प्रमुख के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे करने का अवसर भी आएगा। उन्होंने इस लंबी यात्रा को जनता के विश्वास, आशीर्वाद और सहयोग का परिणाम बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन में उनके साथ खड़े होने वाले हर व्यक्ति ने उन्हें विश्वास की शक्ति दी, जिसने उन्हें जीत दिलाई, उसने विनम्र रहना सिखाया और जिसने गिराया, उसने फिर खड़े होकर आगे बढ़ना सिखाया। शुभ चिंतकों ने प्रोत्साहित किया, जबकि आलोचकों ने उन्हें अपने भीतर झांकने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि हर संकट उनके धैर्य की परीक्षा रहा और हर सफलता ने उनके भीतर दायित्व बोध को और मजबूत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके जीवन की कोई घटना व्यर्थ नहीं गई। प्रत्येक घटना ने उन्हें कुछ न कुछ सिखाया। कोरोना महामारी ने उन्हें राष्ट्र के महत्व और सामूहिक शक्ति की चेतना दी, जबकि गांवों और गरीबों ने सिखाया कि साधन सीमित हो सकते हैं, लेकिन सपने बड़े और हौसले बुलंद होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों के सांस्कृतिक अनुभव वाले राष्ट्र की सेवा करते हुए उन्हें कभी अकेलापन महसूस नहीं हुआ। उन्होंने देश के करोड़ों स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं को नमन करते हुए कहा कि उनके जीवन का ध्येय मां भारती की निःस्वार्थ सेवा है। ऐसे स्वयंसेवकों का उन्हें हमेशा भरपूर सहयोग मिला है। श्री मोदी ने कहा कि 25 वर्ष की यात्रा को केवल अतीत की यादों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। यह दिन नये संकल्प लेने और उन वादों एवं इरादों को पूरा करने के लिए नई ऊर्जा जुटाने का है।

# आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत किया



## महंगाई बढ़ने की जताई आशंका

**मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौजूदा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है और साथ ही महंगाई बढ़ने की आशंका को देखते हुए खुदरा मुद्रास्फीति भी 5.2 प्रतिशत पर रहने की संभावना व्यक्त की है। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की आज समाप्त तीन दिवसीय बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति का अनुमान 5.2 प्रतिशत लगाया गया है। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में इसके 4.9 प्रतिशत, तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 6.0 प्रतिशत और चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2027) में 5.7 प्रतिशत रहने की संभावना है। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में खुदरा महंगाई का अनुमान 5.6 प्रतिशत है। इसके अलावा मौजूदा वित्त वर्ष में कोर महंगाई (जिसमें खाद्य एवं ईंधन को शामिल नहीं किया जाता है) 4.4 प्रतिशत रह सकती है।

बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

अब

सप्ताह में दो दिन बिजनौर में

बृहस्पतिवार -बिजनौर

शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

ॐ ॥ शांति शांति शांति ॥

ॐ ॥ शांति शांति शांति ॥



शोक संदेश

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्य माताजी

श्रीमती निशा कौशिक

धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री दिनेश कौशिक का स्वर्गवास दिनांक 1 अक्टूबर 2026 दिन बृहस्पतिवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

तेरहवीं संस्कार एवं धार्मिक कार्यक्रम
(8 अक्टूबर 2026) दिन बृहस्पतिवार

| हवन एवं पूजन | ब्रह्मभोज | पगड़ी रस्म |
|---|---|---|
| प्रातः 9:00 बजे (स्थान: निज निवास) | दोपहर 12:00 बजे (रामलीला ग्राउंड, अफजलगढ़) | दोपहर 2:00 बजे (स्थान: रामलीला ग्राउंड, अफजलगढ़) |

शोकाकुल

अजय कौशिक — पुत्र
विजय कौशिक — पुत्र
नितिन दिनेश कौशिक — पुत्र
अक्षित कौशिक - पौत्र
यश कौशिक - पौत्र
लव कौशिक - पौत्र
कुश कौशिक - पौत्र
वैभव कौशिक - पौत्र

एवं समस्त कौशिक परिवार

संपर्क सूत्र : 6397589578 | 6398246980 | 9837088767

**भली** लगे
या **बुरी**...

## आर्थिक विसंगतियां

आज से कई दशक पहले गांधीजी ने 'जीवनशैली' के प्रति चेतावनी देते हुए कहा था कि आज ब्रिटेन को अपनी जीवन शैली बनाये रखने के लिए आधी दुनिया के संसाधनों की आवश्यकता पड़ रही है। यदि ईश्वर न करे कि कल भारत और चीन इसी जीवनशैली पर चलना चाहें तो इसके लिये वे संसाधन कहां से लायेंगे? आज दुर्भाग्य से भारत और चीन न केवल इसी रास्ते पर चल रहे हैं, बल्कि यूरोप और अमरीका से अधिक उपभोग करना अपनी प्रगति का मानक समझ रहे हैं। जहां ब्रिटेन व अन्य औपनिवेशिक देश अपनी जीवनशैली बनाये रखने के संसाधन गुलाम देशों से लूट कर लाते थे, वहीं नव-स्वतंत्र देशों के अमीर व सत्तारूढ़ वर्ग अपनी अधिकांश ग्रामीण और असहाय जनता की लूट से ये संसाधन प्राप्त करने लगे। यही कारण है कि नगरों-महानगरों की चमक-दमक गरीबी के विशाल रेगिस्तान में नखलिस्तान जैसी है। चाहे जितने पर्दों में छिपाया जाये, असलियत यही है कि यह रेगिस्तान बढ़ रहा है और न केवल भारत और चीन, बल्कि सारी दुनिया में 'अराजकता', 'हिंसा' और 'युद्ध' का कारण भी बन रहा है।

आजादी के 80 वर्षों पर गरीबों के दृष्टिकोण से सरसरी नजर डालें तो उनको पिछले कुछ दशकों में जो मिला था, वह देश-दुनिया की बदलती हुई परिस्थितियों में फिर से छिनने की प्रक्रिया कई साल पहले शुरू हो गयी थी, जो अब लगातार तेज होती जा रही है। मनमोहन सिंह के वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री रहते हुए अपनायी गयी नव-उदारवादी नीतियों ने जहां तुलनात्मक रूप से अमीरों को ज्यादा अवसर दिये, वहीं गरीबों के लिए भी कुछ रास्ते खुले रखे। हालांकि, इनको पूर्णतः संतोषजनक कतई नहीं कहा जा सकता है, पर वर्तमान भाजपानीत राजग सरकार जिस तरह अमीरों व पूंजीपतियों के पक्ष में हैं, उससे आर्थिक विसंगतियां और बढ़ी हैं। कांग्रेस ने जनता को सार्वजनिक उद्यम, मजदूरों को ट्रेड यूनियन अधिकार, बैंकों व बीमा का राष्ट्रीयकरण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा शिक्षा, सूचना, वनाधिकार व खाद्य सुरक्षा जैसे अनेकानेक अधिकार दिये, पर भाजपा के पास अमीरों के अलावा किसी और को देने के लिए लगता है कुछ नहीं है।

# राज्यसभा के लिये तीसरा प्रत्याशी न उतार
# अखिलेश ने दिया बड़ा सियासी संदेश



**स्वदेश कुमार**
लखनऊ, वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश की सियासत में जब भी कोई हलचल होती है, तो उसके मायने सिर्फ तात्कालिक नहीं होते, बल्कि वे दूरगामी राजनीतिक बिसात का हिस्सा होते हैं। राज्यसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन तय हो जाना और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा 06 सितंबर 2026 को तीसरा प्रत्याशी न उतारने की घोषणा करना, राज्य की राजनीति में एक बेहद सोची-समझी और रणनीतिक चाल का हिस्सा नजर आता है। भाजपा के आठ और सपा के दो प्रत्याशियों का निर्विरोध सांसद बनना अब लगभग तय हो चुका है। सपा के दोनों उम्मीदवार पहले ही अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं, जबकि भाजपा के सभी आठ प्रत्याशी भी मैदान में उतर चुके हैं। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अधिक ध्यान अखिलेश यादव के उस सोशल मीडिया पोस्ट ने खींचा है, जिसमें उन्होंने लिखा कि तीन नहीं, हमारी निगाह 403 पर है। सपा प्रमुख का बयान सिर्फ एक पंक्ति नहीं, एक राजनीतिक बयान भी है, बल्कि यह सपा की आगामी चुनावी रणनीति, सांगठनिक समझ और भविष्य की राजनीतिक बिसात का एक बड़ा दस्तावेज़ है। इस फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में यह सवाल तैर रहा है कि क्या सपा प्रमुख भाजपा के साथ सीधे टकराव से बच रहे हैं या फिर वह किसी बड़ी लड़ाई के लिए अपनी ऊर्जा और संसाधनों को बचा रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम का गहन विश्लेषण करने पर सबसे पहली बात जो सामने आती है, वह है अखिलेश यादव का व्यावहारिक और यथार्थवादी राजनीतिक दृष्टिकोण। राज्यसभा चुनावों में गणित सबसे महत्वपूर्ण होता है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायकों की मौजूदा संख्या के हिसाब से भाजपा और उसके सहयोगी दल आसानी से आठ सीटें जीतने की स्थिति में थे, जबकि समाजवादी पार्टी के पास अपने दम पर दो सीटें जिताने के लिए पर्याप्त विधायक मौजूद थे। तीसरे प्रत्याशी को मैदान में उतारने का सीधा मतलब होता क्रॉस वोटिंग को बढ़ावा देना और एक ऐसी अनिश्चित लड़ाई में कूदना, जहां जीत की गारंटी बेहद कम थी। अतीत के अनुभवों, विशेषकर पिछले राज्यसभा चुनावों से सबक लेते हुए, जहां छोटे दलों की भूमिका और विधायकों की वफादारी में उतार-चढ़ाव ने सपा के समीकरण बिगाड़े थे, अखिलेश यादव ने इस बार कोई जोखिम न लेने का फैसला किया। इसे भाजपा से डरना या टकराव से बचना कहना राजनीतिक रूप से अपरिपक्वता होगी, वास्तव में यह एक रणनीतिक कदम है। राजनीति में हर लड़ाई लड़ने के लिए नहीं होती, कुछ लड़ाइयों से पीछे हटकर बड़ी जंग की तैयारी की जाती है। अखिलेश यादव ने तीसरे उम्मीदवार को न उतारकर यह संदेश दिया है कि वे अपनी ऊर्जा को किसी ऐसे मोर्चे पर जाया नहीं करना चाहते, जहां परिणाम उनके नियंत्रण से बाहर हों। अखिलेश यादव का यह बयान कि तीन नहीं, हमारी निगाह 403 पर है, सीधे तौर पर उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर होने वाले आगामी आम चुनाव की ओर इशारा करता है। सपा प्रमुख यह भली-भांति जानते हैं कि राज्यसभा की एक अतिरिक्त सीट जीतना या उसके लिए जोड़-



तोड़ करना एक अल्पकालिक सफलता हो सकती है, लेकिन असली सत्ता का रास्ता 403 विधानसभा सीटों से होकर ही गुजरता है। इस फैसले के जरिए वे अपने विधायकों और कार्यकर्ताओं को एक स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि उनका पूरा ध्यान राज्य की सत्ता में वापसी पर केंद्रित होना चाहिए, न कि राज्यसभा के संख्या बल के खेल में उलझने पर। यदि सपा तीसरा प्रत्याशी उतारती, तो उसे अपने सहयोगियों को एकजुट रखने, असंतुष्ट विधायकों को मनाने और भाजपा के साम-दाम-दंड-भेद के चक्रव्यूह से पार पाने में अपनी पूरी ताकत झोंकनी पड़ती। इससे पार्टी के भीतर आंतरिक असंतोष और गुटबाजी बढ़ने का खतरा भी रहता। निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ करके अखिलेश ने पार्टी के भीतर किसी भी संभावित अंतर्कलह को जन्म लेने से पहले ही खत्म कर दिया है, जिससे पार्टी की एकजुटता बनी रहे। इसके अतिरिक्त, इस फैसले का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सपा इस समय किसी भी तरह के नकारात्मक प्रचार से बचना चाहती है। यदि सपा तीसरा उम्मीदवार उतारती और चुनाव में हार जाती, तो भाजपा इसे अखिलेश यादव की संगठनात्मक विफलता और उनके गठबंधन की कमजोरी के रूप में प्रचारित करती। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले इस तरह की हार से कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट सकता था और जनता के बीच यह संदेश जाता कि विपक्ष अभी भी भाजपा का मुकाबला करने में अक्षम है।

## सुप्रीम कोर्ट जायेंगे प्राची के वकील

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रबल हत्याकाण्ड में उम्रकैद की सजा काट रहे सात अभियुक्तों को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जहां बहुत बड़ी राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर मामले की पैरवी करने वाली प्रबल की बहन प्राची जमानत के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रही है।

बिजनौर अदालत में प्राची की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता अहमद जकावत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा अभियुक्तों की जमानत मंजूर होने पर कहा कि वह इस लड़ाई को हर हाल में अंजाम तक पहुंचाकर रहेंगे। उन्होंने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में शीघ्र ही चुनौती दी जायेगी।

उधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्राची के वकील राकेश चंद्र तिवारी ने बताया कि आदेश की कॉपी मिलने पर आगे की रणनीति तय की जायेगी। उन्होंने बताया कि जमानत लेना अभियुक्तों का अधिकार है, जो देर-सवेरे अभियुक्तों को मिल ही जाती है, लेकिन अभी यह केस खत्म नहीं हुआ है। हमारा ध्येय हाईकोर्ट से भी उन्हें सजा दिलाना है। तभी प्रबल को न्याय मिल पायेगा।

बता दें कि अभियुक्तों की जमानत याचिका पर कल प्रातः 11 बजे सुनवाई हुई। लगभग 10 मिनट तक अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के पश्चात न्यायमूर्ति सिद्धार्थ व विनय कुमार तिवारी की डबल बैंच ने सभी सातों अभियुक्तों की जमानत मंजूर कर ली। बरेली जेल में बंद सभी अभियुक्त एक-दो दिन में बाहर आ जायेंगे।

## बेटी को साथ लेकर चोरी करता था योगेन्द्र

**बिजनौर/चांदपुर (चिंगारी)।** मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी केके विश्नोई ने बताया कि गत 25 सितम्बर को चांदपुर क्षेत्र के जलीलपुर में सहकारी क्रय विक्रय समिति द्वारा संचालित उर्वरक ब्रिकी केन्द्र पर आये एक व्यक्ति व महिला दुकान का गल्ला तोड़कर उसमें रखी डेढ़ लाख रुपए की नकदी चुरा कर ले गए थे। पुलिस ने योगेन्द्र पुत्र सतपाल व उसकी पुत्री लक्ष्मी निवासी ग्राम गुनारसा थाना देवबंद जनपद सहारनपुर को चोरी किए गए 30200 रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में पिता-पुत्री ने बताया कि वे दोनों विभिन्न स्थानों पर घूमते रहते हैं। उनके द्वारा ऐसे दुकानदारों अथवा दुकान पर बैठे बच्चों को निशाना बनाया जाता है। बातचीत में उलझाकर व अन्य कार्य में व्यस्त कर देते हैं और मौका पाकर दुकान से नकदी एवं कीमती सामान चोरी कर लेते हैं। पूछताछ में उन्होंने यह भी बताया कि इससे पूर्व उन्होंने धामपुर, नगीना, कोतवाली देहात एवं चांदपुर क्षेत्र सहित मुरादाबाद व जनपद मुजफ्फरनगर में दुकानों से चोरी की वारदात की हैं। अभियुक्त योगेन्द्र ने यह भी बताया कि वे अपनी पुत्री को इसलिये साथ रखता है, जिससे उन पर किसी को संदेह न हो। पुलिस से बचने एवं सीसीटीवी कैमरों में पहचान छिपाने के उद्देश्य से वे बिना नम्बर की मोटरसाइकिल का प्रयोग करते हैं तथा हेलमेट एवं मास्क लगाते हैं।



# बिजनौर में उत्साहपूर्वक निकाली गई सेवा ज्योति यात्रा





बिजनौर (चिंगारी)। जनपद में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ विकसित भारत संकल्प सभा सेवा ज्योति यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। इंदिरा बाल भवन परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि और जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर इस विशाल जन-जागरूकता रैली को रवाना किया।

## राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़ी यात्रा

इंदिरा बाल भवन से शुरू हुई यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं और समर्थकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। देशभक्ति के गीतों और भारत माता के जयकारों के बीच यह रैली शक्ति चौक, जजी नुमाइश ग्राउंड होते हुए मुख्य डाकखाने पर पहुँची जहां पर यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। यात्रा वापस इंदिरा बाल भवन पहुंचकर समाप्त हुई।

## सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुँचाने का संकल्प

इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि देश को 2047 तक एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने में यह यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना है।

## वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिले के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, विधायक ओम कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी, कार्यक्रम संयोजक रवि चौधरी मौजूद रहे।




इसके साथ ही भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव सिसोदिया एवं सुभाष वाल्मीकि, क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, भाजपा नेता सीपी सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, दिनेश सैनी, मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग, झालू चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी, प्रिंस चौधरी, इंजी. अनिल सिंह, डॉ. एम.पी. सिंह, लीना सिंघल, डॉ. बीरबल, डॉ. इंद्रदेव सिंह, जिला मंत्री विनोद राठी, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, आशीष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, तिलकराज सैनी, संजू प्रधान, मंदीप चौधरी, सुधीर ठेकेदार, माया पाल, रजनी कालरा सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी इस ऐतिहासिक यात्रा के साक्षी बने। यात्रा में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी भागीदारी की।

# युवक ने नाबालिग को छेड़ा, खड़ा हो गया बखेड़ा

## आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। महिला ने एक युवक पर नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। अफजलगढ़ कोतवाल को दी तहरीर में महिला ने बताया कि उसका पति व पुत्र बाहर रहते हैं और वह अपनी नाबालिग पुत्री के साथ घर पर परचून की दुकान करती है। महिला का आरोप है कि ग्राम सीरवासुचंद निवासी फैजान पुत्र खुर्शीद उसे आएदिन परेशान करता है और उसकी नाबालिग पुत्री को गंदे इशारे करते हुए छेड़ता है। महिला का कहना है कि उसने कई बार युवक के परिजनों से इसकी शिकायत की मगर उन्होंने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। महिला का आरोप है कि बीती 28 सितंबर की रात्रि भी वह दुकान पर आया और उसकी पुत्री के साथ बदतमीजी करते हुए छेड़छाड़ की। यह देख जब महिला बाहर निकल आई तो आरोप है कि वह गाली गलौच करता हुआ जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। कोतवाली अफजलगढ़ के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी फैजान पुत्र खुर्शीद निवासी सीरवासुचंद के विरुद्ध बीएनएस की धारा 75/79/352/351(3) एवं पोक्सो एक्ट की धारा 7 व 8 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उधर आरोप-प्रत्यारोप के बीच मामला गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

ॐ शांति ॐ शांति
शोक संदेश



श्री विनोद कुमार गोयल जी
पुत्र स्वर्गीय श्री मुनीश चंद्र गोयल
(निवासी : हिंदू इंटर कॉलेज के सामने, वैष्णव विहार कॉलोनी, नगीना)

बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा हैं कि हमारे पूज्य पिताजी
श्री विनोद कुमार गोयल जी, पुत्र स्वर्गीय श्री मुनीश चंद्र गोयल
(निवासी हिंदू इंटर कॉलेज के सामने, वैष्णव विहार कॉलोनी नगीना)
का स्वर्गवास दिनांक 29 सितंबर 2026 को हो गया हैं।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

।। आरिष्टी निम्नलिखित कार्यक्रम अनुसार होगी ।।

कार्यक्रम
9 अक्टूबर 2026 दिन शुक्रवार | ब्रह्म भोज दोपहर 12:00 बजे | रस्म पगड़ी दोपहर 2:00 बजे

स्थान कृष्णा बैंकट हॉल, धामपुर रोड, नगीना।

शोकाकुल
मोहित गोयल (पुत्र) (9837903786)
हर्ष गोयल (पुत्र) (9719213896)
गौरव गोयल पत्रकार (पुत्र) (9457013955)
शुभ गोयल (पौत्र)
विमल गोयल (भाई)
सुनील गोयल (भाई)
दीपक गोयल (भाई)
सुगंध गोयल (भतीजा)
उमंग गोयल (भतीजा)
कुशल गोयल (भतीजा)
यश गोयल (भतीजा)

एवं समस्त गोयल परिवार, नगीना

# सेवानिवृत पटवारी ने किया पैमाइश का विरोध

## 190 वर्ग मीटर भूमि मौके पर कम मिली


भूमि की पैमाइश करते हुए राजस्व विभाग की टीम।

**धामपुर (चिंगारी)।** नहटौर मार्ग पर महामना पंडित मदन मोहन मालवीय चौक के निकट मंगलवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब नलकूप विभाग की भूमि के स्वामित्व और कब्जे को लेकर चल रहे विवाद के बीच राजस्व एवं नलकूप विभाग की टीम पुलिस की मौजूदगी में भूमि की पैमाइश करने पहुंची और एक सेवानिवृत पटवारी तथा उनके परिजनों ने भूमि का बैनामा अपने नाम होने का हवाला देते हुए टीम का विरोध करना शुरू कर दिया।

नलकूप विभाग के अधिकारियों का कहना है कि खसरा नंबर 89 में नलकूप विभाग की लगभग 1740 वर्ग मीटर भूमि राजस्व विभाग में दर्ज है, लेकिन वर्तमान में 1550 वर्ग मीटर जमीन मौके पर मिली है। इसके अतिरिक्त जमीन में आम का पेड़ भी खड़ा था, जो अब गायब है। राजस्व विभाग ने पैमाइश के दौरान वर्तमान में 1550 वर्ग मीटर भूमि पाई गई। जब विभाग ने जमीन को कब्जा मुक्त करने का प्रयास किया, तो सेवानिवृत पटवारी सत्येंद्र कुमार ने यह कहते हुए विरोध किया कि 'पैमाइश की गई जमीन में करीब 100 वर्ग मीटर जमीन उनकी बैनामा शुदा है'।

उप जिलाधिकारी नितिन कुमार के आदेश पर राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सिंह तथा पटवारी प्रभात कुमार के साथ मौके पर पहुंची टीम ने पुलिस की मौजूदगी में उक्त भूमि की पैमाइश की, तो 1740 वर्ग मीटर जमीन के स्थान पर 1550 वर्ग मीटर जमीन ही मौके पर मिली अर्थात अभिलेखीय रकबे की तुलना में करीब 190 वर्ग मीटर भूमि कम पाई गई।

नलकूप विभाग के अधिकारियों का दावा है कि उक्त भूमि विभाग के स्वामित्व में है और पूर्व में एक इस भूमि पर नलकूप संचालित होता था, जबकि सेवानिवृत पटवारी सत्येंद्र कुमार द्वारा उक्त भूमि का बैनामा कराए जाने की बात कही जा रही है, जिसके आधार पर भूमि को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद भी चल रहा है।

नलकूप विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने सेवानिवृत पटवारी सत्येंद्र कुमार तथा उनके परिजनों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। उप जिलाधिकारी नितिन कुमार ने पुलिस टीम के सहयोग से शीघ्र ही भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही किए जाने की बात कही है।

# छात्राओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया


सिलाई मशीन की जानकारी देते हुए प्रशिक्षक ।

**धामपुर (चिंगारी)।** एस.बी.डी. महिला महा विद्यालय में अकादमिक एकीकरण, कौशल विकास प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस) एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन छात्राओं को सिलाई मशीन के संचालन एवं उसके विभिन्न उपयोगों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में नोएडा से आए सीनियर मैनेजर एवं प्रोजेक्ट इंचार्ज श्रीमान भारद्वाज के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक दल द्वारा छात्राओं को सिलाई मशीन के विभिन्न हिस्सों, उनके कार्य, मशीन के सही संचालन तथा सिलाई से संबंधित आवश्यक तकनीकों की जानकारी दी गई। महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती रेणु गोयल ने कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। प्राचार्या डॉ. पूनम चौहान ने कहा कि महाविद्यालय का निरंतर प्रयास है कि छात्राओं को पाठ्यक्रमीय शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. अर्चना, डॉ. अदिति सिन्धु, डॉ. नेहा बंसल (उद्योग अकादमिक एकीकरण एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ, डॉ. संजू, (कार्यक्रम अधिकारी) राष्ट्रीय सेवा योजना एवं डॉ. कनक चौहान (प्रभारी गृहविज्ञान विभाग) के संरक्षण में संपूर्ण हुआ।

# बाबा टिकैत की जयंती मनाने के बाद स्टेशन मास्टर को ज्ञापन दिया


स्टेशन मास्टर को ज्ञापन देते हुए किसान।

**धामपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 91 वीं जयंती तहसील धामपुर के परिसर में मनाई गई। इसके पश्चात एक ज्ञापन स्टेशन मास्टर धामपुर को रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के नाम से दिया गया। ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि रेल मंत्री द्वारा धामपुर में जैतरा रेलवे फाटक पर अंडरपास एवं शुगर मिल रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज के निर्माण की घोषणा एवं पूजन लगभग 2 वर्ष पूर्व किया गया था। लेकिन आज तक न ही तो अंडरपास बनाया गया, न ओवर ब्रिज ही बनाया गया, जिससे आम जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ ही धामपुर शुगर मिल पर गेट संख्या 459 के दोनों ओर सड़क में काफी गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिसे शुगर मिल चलने से पहले ठीक करवाया जाए, जिससे किसानों को अपना गन्ना ले जाने में परेशानी न पड़े। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, न्याय पंचायत अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, ब्लाक महासचिव अरविंद राजपूत, दिनेश राणा, दिनेश प्रधान, प्रतीत कुमार, गजेंद्र सिंह, राजीव शर्मा, कपिल शर्मा, गौरव चौहान, शुभम चौहान, सुरेश चौहान, कुशलपाल सिंह, धनवीर सिंह, आनंद सिंह आदि किसान शामिल रहे।

# शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने से पूर्व मंदिरों में शुरू हुई तैयारी



**धामपुर (चिंगारी)।** आगामी 10 अक्टूबर से लेकर 8 नवंबर दीपावली तक नगीना चौराहा से लेकर मंदिर कालियावाला तक का मार्ग श्रद्धालुओं के आवागमन और दशहरा व दीपावली पर्व के कारण गुलजार रहेगा। ऐसे में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और नागरिकों की सुविधा के लिए नगर पालिका परिषद प्रशासन से इस मार्ग के चौड़ीकरण होने के बाद डिवाइडर रोड बन जाने से दोनों ओर की साफ सफाई और पथ प्रकाश व्यवस्था कराने की मांग श्रद्धालुओं ने की है। नगीना चौराहा से मंदिर कालियावाला और बराहि शक्तिपीठ पर शारदीय नवरात्र शुरू होने पर श्रद्धालुओं का आना-जाना शुरू हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग का चौड़ीकरण करके डिवाइडर का निर्माण तो कर दिया गया है, परंतु मार्ग पर नालों के किनारे कुछ लोगों ने जहां अस्थायी अतिक्रमण कर रखा है, वहीं कई वाहन चालकों ने सड़क की साइड में अपने वाहन भी खड़े कर रखे हैं, जिससे यह मार्ग पूरी तरह नागरिकों के उपयोग में नहीं आ पा रहा है। इस मार्ग पर श्री रामलीला बाग भी स्थित है जहां रामलीला का प्रदर्शन शुरू होने के साथ विजयदशमी पर्व पर रावण दहन होगा तथा मेला भी लगेगा, जिसमें धामपुर नगर तथा क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग आते हैं। इसके अलावा दीपावली के अवसर पर केएमइंटर कॉलेज के मैदान में आतिशबाजी के स्टॉल लगते हैं। इन परिस्थितियों में नगर पालिका परिषद से नालों के किनारे खड़ी हुई झाड़ झंकाड़ और अतिक्रमण को हटवाने की मांग श्री बाग रामलीला समिति और मंदिर श्री कालिया वाला तथा बराहि शक्तिपीठ की प्रबंध समिति ने की है। उधर, शारदीय नवरात्र की तैयारी शुरू हो गई है, मंदिर की साफ-सफाई और रंगाई-पुताई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

# श्रद्धापूर्वक मनाया ज्योति ज्योत समाना दिवस




**धामपुर (चिंगारी)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पहली पातशाही साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज का पावन ज्योति ज्योत समाना दिवस श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला और गुरुओं के उपदेशों तथा गुरुवाणी के संदेशों को जीवन में स्थान दिलाने का आवाहन हुए गुरुवाणी के अमोलक कीर्तन से संगत को निहाल किया।

गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु घर के कार्यों और कार्यक्रमों के प्रति सदैव समर्पित रहे स्वर्गीय सरदार वरियाम सिंह कालडा के परिवार की ओर से परिवार की संरक्षक माता सुंदर कौर कालड़ा के संरक्षण तथा सरदार मंजीत सिंह कालड़ा के संयोजन में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए किया गया। गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट तथा सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने समसामयिक विचारों के माध्यम से गुरु नानक देव जी महाराज के जन कल्याणकारी कार्यों की विस्तार से बिंदुवार चर्चा की। इस अवसर पर गुरु घर के कार्यों और कार्यक्रमों के प्रति जीवन भर प्रेरणा प्रदान करते रहे। स्वर्गीय सरदार बचन सिंह सलूजा एवं माता सतवंत कौर सलूजा के समूचे परिवार की ओर से सरदार कमलजीत सिंह सलूजा, तजिंदर कौर सलूजा, अमनदीप कौर सलूजा, सरदार मनप्रीत सिंह सलूजा, प्रिंस सलूजा, अमरजीत कौर सलूजा, सरदार दमनप्रीत सिंह सलूजा, हरलीन कौर सलूजा, सरदार दिलवंश सिंह सलूजा, सरदार जसप्रीत सिंह सलूजा, सुप्रीत कौर सलूजा, सरदार इंद्रपाल सिंह छाबड़ा, किरनजोत कौर छाबड़ा, सरदार हरदीप सिंह छाबड़ा आदि के संयोजन में आयोजित विशाल लंगर से कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफलता दिलाने में उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, नगर पालिका परिषद धामपुर की पूर्व सभासद जगमीत कौर सलूजा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष एसपी सलूजा, पूजा रानी आदि उपस्थित रहे।

# बैरमाबाद गढ़ी निवासी पीएसी के जवान की रुड़की में इमारत गिरने से मौत



**नहटौर (चिंगारी)।** रुड़की में हुए दर्दनाक हादसे में नहटौर के ग्राम बैरमाबाद गढ़ी निवासी पीएसी के जवान मो.आदिल की मौत हो गई। शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पीएसी बटालियन की ओर से सलामी दी गयी।

नहटौर के ग्राम बैरमाबाद गढ़ी निवासी मो.आदिल (35 वर्ष) पुत्र वकील अहमद उत्तराखंड के रुड़की स्थित पीएसी की 40वीं बटालियन में हरिद्वार में तैनात था। सोमवार को रुड़की स्थित धनौरी के अमृत लॉ कॉलेज में पीएसी की पलटन रुकी हुई थी अचानक भवन का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। उस समय शौचालय में मौजूद मौ. आदिल मलबे में दब गये। तुरंत एम्स ऋषिकेश उपचार के लिए ले जाया गया, जहां पर उपचार के दौरान जवान की मौत हो गई। मंगलवार को शव बैरमाबाद गढ़ी में पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक छा गया। पीएसी जवान को श्रद्धांजलि देने के लिए बटालियन भी पहुंची और सलामी दी गई। गांव में ग्रामीणों के अलावा विभिन्न पार्टियों के नेता व गणमान्य लोग भी पीएसी जवान के जनाजे में शामिल हुए और उन्होंने शोक जताया। मृतक अपने माता-पिता के अलावा पत्नी और दो बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया।

## एक दिन और घर रुक जाते तो बच जाती जान

**सोमवार को ही मौ. आदिल गांव बैरमाबाद गढ़ी स्थित अपने घर से ड्यूटी पर वापस गया। बताया जाता है कि परिजन उसे एक दिन और रुकने के लिए कह रहे थे, लेकिन उसके बाद भी वह अपनी ड्यूटी पर चले गये। यह भी बताया जाता है कि बटालियन में पहुंचने के बाद परिजनों को सूचना दी थी। वह अपनी ड्यूटी पर पहुंच गया है, लेकिन कुछ देर बाद ही आए फोन से परिजनों में हड़कंप मच गया और परिजन तत्काल उत्तराखंड के लिए रवाना हो गए थे।**




# किसानों व शिवसेना ने मनायी बाबा टिकैत की जयंती

**चांदपुर (चिंगारी)।** भाकियू व शिवसेना कार्यकर्ताओं ने भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक महेन्द्र सिंह टिकैत की 91वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चौ. कुलदीप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, तहसील अध्यक्ष नितिन राणा, जितेन्द्र सिंह सिद्धू, जसवंत सिंह, सोमपाल सिंह, हरिराज सिंह, शमशेर सिंह, हुक्म सिंह, रामपाल सिंह, अशोक कुमार, विकास कुमार, सम्राट सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने किसान नेता चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की 91वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। क्षेत्रीय कार्यालय बागड़पुर में एक मीटिंग हुई,



जिसकी अध्यक्षता सोबित गुर्जर ने की व संचालन दिनेश तोमर ने किया। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह, सोबित गुर्जर, दिनेश तोमर, दीपक कुमार, भूपेंद्र सिंह, सचिन, ऋषिपाल, खिलेंद्र सिंह, डॉ. पुलकित शर्मा आदि शिव सैनिक मौजूद रहे।

# रालोद की विशाल बैठक कल स्याऊ में

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल की एक विशाल बैठक कल 8 अक्टूबर को आगमन बैंकट हॉल स्याऊ चांदपुर में होगी, जिसमें राष्ट्रीय लोकदल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष केसी त्यागी का मार्ग निर्देशन रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के रावटी, टूंगरी, सिकरौंधा, जोगी औंधा, मारुफपुर, माढ़ी, पुट्ठा आदि गांवों में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय रुहेलखंड के महासचिव सुबोध कुमार, गजेंद्र सिंह, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सबल सिंह, सुरेंद्र सिंह निदंना, अनिल कुमार, ब्रजवीर सिंह, सईद आदि मौजूद रहे।

# निजी अस्पतालों में मनमानी, सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य की हानि!

## भाकियू प्रधान ने दिया सीएमओ कार्यालय पर धरना

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को लेकर भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के कार्यकर्ताओं ने सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद संगठन पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल सुधार की मांग की। ज्ञापन में भाकियू ने आरोप लगाया कि प्राइवेट अस्पतालों में दवाइयों और परामर्श शुल्क के नाम पर आम जनता से मनमानी वसूली की जा रही है। मरीजों से अनावश्यक रूप से मोटी फीस ली जा रही है, जिस पर प्रशासन को तत्काल रोक लगानी चाहिए।

### डॉक्टरों के बिना चल रहा सरकारी अस्पताल

संगठन ने सरकारी अस्पतालों की स्थिति पर भी सवाल उठाए। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम पांडीभानू,



ब्लॉक अफजलगढ़, नगीना में बना सरकारी अस्पताल डॉक्टर के बिना संचालित हो रहा है। आरोप है कि वहां कोई डिग्रीधारी चिकित्सक उपलब्ध नहीं रहता। इसके अलावा जिले के सरकारी अस्पतालों में साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी खराब है। अस्पतालों में स्टाफ की भारी कमी होने की बात भी संगठन ने कही।

भाकियू ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी गंभीर आरोप लगाए। संगठन का कहना है कि भर्ती मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिलने के कारण कई बार उनकी मृत्यु तक हो जाती है। साथ ही अस्पताल के बाहर स्थित मेडिकल स्टोरों से कथित मिलीभगत कर अस्पताल में उपलब्ध दवाइयां भी बाहर से लिखे जाने का आरोप लगाया गया। इससे गरीब और आम मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

### सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन होगा

**भाकियू जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह चाहल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं किया गया तो संगठन बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। प्रदर्शन में युवा मंडलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चाहल, युवा जिलाध्यक्ष आकाश डबास, अरविन्द कुमार, नीरज बलियान, शुभम कटारिया, अभिनव चौधरी आदि किसान मौजूद रहे।**


ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष शर्मा
मंडल महामंत्री
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
महेंद्र राजपूत
अध्यक्ष किसान सेवा समिति गजरौला अचपल बिजनौर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
शांतनु चौधरी
डायरेक्टर
गन्ना समिति, बिजनौर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
मोनू कश्यप
मंडल महामंत्री
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
मनदीप चौधरी
नगर महामंत्री
भाजपा
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव राजपूत
सभापति सहकारी समिति, मण्डावर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
कपिल चौधरी
मंडल महामंत्री
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
वरुण राजपूत
मंडल महामंत्री
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक कुमार
सेवानिवृत्त एडीओ
हल्दौर ब्लॉक बिजनौर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप त्यागी
मंडल उपाध्यक्ष
आदमपुर बिजनौर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
कैलाश वीर राणा
सभापति, सहकारी समिति
उमरपुर जमालपुर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
कमल लता
सभापति, सहकारी समिति
बाखरपुर गढ़ी
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
मीनू वाल्मीकि
जिला पंचायत सदस्य
बिजनौर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
सूरज सिंह
पूर्व सभापति, सहकारी समिति, चंदक
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
शेषपाल
सभापति, सहकारी समिति, गंज
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
आदेश राजपूत
उपसभापति, गन्ना समिति, बिजनौर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र सिंह उर्फ कालू
सभापति, गन्ना समिति
बिजनौर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश सिंह
सभापति सहकारी समिति, जहांगीरपुर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
सोनू गुर्जर
ग्राम प्रधान मुकरपुर गुर्जर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
योगेश चौहान
मंडल महामंत्री
मोहम्मदपुर देवमल
बिजनौर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
राजवीर सिंह
नगर महामंत्री
एवं सभासद बिजनौर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक चौधरी
मंडल उपाध्यक्ष
बिजनौर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज चौधरी
मंडल महामंत्री
झालू बीजेपी
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्रशेखर
एडवोकेट, जिला पंचायत सदस्य
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि धारीवाल
पूर्व ब्लाकप्रमुख
जलीलपुर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप अधिकारी
मंडल उपाध्यक्ष
मोहम्मदपुर देवमल
बिजनौर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
यशपाल सिंह
पूर्व अध्यक्ष,
जिला बार एसो., बिजनौर
ऐश्वर्य चौधरी (मौसम भैया) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद कुमार
अध्यक्ष रेवन्यू
जिला बार एसो.

# राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए सदनपुर के शिक्षक अमित शर्मा




**नूरपुर (चिंगारी)।** अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर सोमवार को चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा महर्षि दयानद सरस्वती वैदिक महाविद्यालय बड़ौत में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसाम, कर्नाटक, यूपी, हरियाणा, उत्तराखंड, मणिपुर, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार समेत 18 राज्यों के 100 शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री केपी मलिक, संस्था के सचिव डॉ. मनीष तोमर, डॉ. गीतांजलि तोमर और डॉ. तरुण तोमर आदि ने संयक्त रूप से किया। समारोह में बिजनौर से जूनियर हाईस्कूल सदनपुर के शिक्षक अमित कुमार शर्मा को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षक अमित कुमार शर्मा ने बताया कि उनके नेतृत्व में जूनियर हाईस्कूल सदनपुर अब जिले का सबसे अधिक बाल वैज्ञानिक देने वाला विद्यालय बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि उनके विद्यालय से पिछले चार वर्षों में 9 बाल वैज्ञानिक चयनित हुए हैं, जिसमें से 2 बाल वैज्ञानिक जिले से राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय के छात्र सुधांशु का चयन राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी के लिए हुआ है। इंस्पायर अवार्ड में उत्तर प्रदेश से इस बार तीन बाल वैज्ञानिक का चयन सकुरा प्रोग्राम के तहत जापान में शैक्षिक टूर के लिए किया जाएगा। अमित कुमार शर्मा व विद्यालय प्रभारी जुल्फिकार अली ने बताया कि स्कूल में सभी विषय को व्यावहारिक रूप से पढ़ाने के लिए छोटी-छोटी परियोजनाएं और प्रयोगशाला गतिविधियां लगातार कराई जाती हैं, जिससे बच्चों में जिज्ञासा और अनुसंधान की भावना विकसित होती है।

# होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया




**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** लाम्बा कान्वेंट स्कूल पेबंदखेड़ी (कादराबाद) में अलग-अलग क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाले अपने ही स्कूल के 4 होनहार विद्यार्थियों को स्कूल परिवार ने शील्ड देकर सम्मानित किया। गत दिवस स्कूल प्रांगण में आयोजित इस सम्मान समारोह में ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप के सिल्वर मेडलिस्ट एसएम ज़ैद, ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त समृद्धि चौधरी, चित्रकला में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कु. सनाया व चित्रकला में ब्लॉक स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त लालदीप सिंह स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र सिंह लांबा, मैनेजर विश्वजीत सिंह लांबा, प्रधानाचार्य अमित कुमार, उपप्रधानाचार्य धर्मेंद्र चौधरी व पीटीआई नीलम चौधरी आदि के कर कमलों द्वारा सम्मानित किए गए।

# बैराज पर हुआ सामूहिक तर्पण कार्यक्रम

**बिजनौर (चिंगारी)।** ब्राह्मण महासभा रजिस्टर्ड बिजनौर द्वारा सामूहिक रूप से गंगा बैराज पर तर्पण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों के लिए तथा उन समस्त जीवात्माओं के लिये तर्पण किया गया जिनका तर्पण कोई नहीं करता। गरुण पुराण के अनुसार अज्ञात प्रेत का तर्पण करने पर बहुत पुण्य की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी स्वयंसेवकों ने अपने-अपने पारिवारिक पितरों का भी तर्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष पंडित विजय वशिष्ठ, नगर अध्यक्ष डॉ. अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष जजी वाले अशोक शर्मा, जिला महामंत्री संजय हरित, नगर उपाध्यक्ष डॉ. डीके पांडेय, कनिष्का शोरुम वाले लाल, ओपी शर्मा ने सहभागिता की। कार्यक्रम को आचार्य विनोद गोस्वामी ने विधिवत मन्त्रोच्चार के साथ संपन्न कराया।



# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले को 6 साल की सज़ा

**बिजनौर (चिंगारी)।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के अभियुक्त अहसान को छह वर्ष कठोर कारावास और तीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक योगेंद्र कुमार के अनुसार नजीबाबाद थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 11 वर्षीय पुत्री 3 जुलाई 2026 को शाम के साढ़े चार बजे करीब चीज लेने के लिए पड़ोस में ही शहजाद के किराना स्टोर पर गई थी, रास्ते में अहसान पुत्र मुश्ताक निवासी ग्राम खाईखेड़ी कमालपुर थाना नजीबाबाद मिला, जिसने पड़ोस में ही इलेक्ट्रॉनिक की दुकान कर रखी है, उसने पीड़िता को रोक लिया और उसके शरीर को अश्लील तरीके से छूने लगा। पीड़िता सहम गई और छूटकर भागने की कोशिश करने लगी तो अहसान ने सौ रुपए निकालकर पीड़िता को दिए और इस घटना के बारे में किसी को कुछ न बताने के लिए कहा। पीड़िता घर आई और सारी घटना अपनी मां को बताई। पीड़िता के पिता ने यह जानकारी मिलने पर अहसान से मालूम किया तो अहसान ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का अपराध सिद्ध होने पर पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत अभियुक्त अहसान को छह वर्ष कठोर कारावास और तीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी



# खेलों से होता है शारीरिक और मानसिक विकास- जिलाधिकारी

## नेहरू स्टेडियम में तीन दिवसीय 70वीं माध्यमिक विद्यालयीय जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू, छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और मार्च पास्ट से बांधा समां






**बिजनौर ( चिंगारी )।** नेहरू स्टेडियम बिजनौर में 70वीं माध्यमिक विद्यालयीय जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन भव्य समारोह के साथ शुरू हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक एवं संयोजक धर्मेंद्र कुमार सक्सेना, आरजेपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं संयोजक गय्यूर आसिफ, केपीएस इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या एवं सहसंयोजक संगीता गुप्ता तथा जिला क्रीड़ा सचिव प्रभात कुमार की देखरेख में किया जा रहा है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन एवं कबूतर उड़ाकर किया। इस दौरान केपीएस इंटर कॉलेज बिजनौर, एडीकेवी नजीबाबाद, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज झालू तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किरतपुर के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज और केपीएस इंटर कॉलेज बिजनौर के विद्यार्थियों ने मार्च पीटी, एनसीसी, स्काउट, एनएसएस तथा एथलेटिक्स टीमों के साथ आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगा दिये।

### खिलाड़ियों को दिलाई खेल भावना की शपथ

**जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की उद्घोषणा के बाद सभी प्रतिभागियों को क्रीड़ा शालीनता, ईमानदारी और खेल भावना के साथ अधिकृत नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेलकूद का अत्यधिक महत्व है। खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास एक साथ होता है। नियमित रूप से खेल खेलने से शरीर स्वस्थ, मजबूत और ऊर्जावान रहता है। उन्होंने खिलाड़ियों से तीन दिवसीय प्रतियोगिता में पूरी ईमानदारी, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने का आह्वान किया।**

### अतिथियों का जताया आभार

आयोजन समिति की ओर से संयोजक गय्यूर आसिफ एवं सहसंयोजक संगीता गुप्ता ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों, शिक्षकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) युवा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, दैनिक चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, सहजिला विद्यालय निरीक्षक ललित कुमार, जीआईसी प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह, उपप्रधानाचार्य राकेश कुमार शर्मा, आरएन केला प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार, जीआईसी नजीबाबाद के प्रधानाचार्य मित्र लाल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या पवन देवी, सीआईसी प्रधानाचार्य इरफान आर्य, वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या मीरा रानी, आरएचएस प्रधानाचार्य संजय कुमार, सलील आदर्श ग्रामीण इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र, एमडीकेवी प्रधानाचार्या शबनम इकबाल, विदुर गुरु गृह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र, किसान इंटर कॉलेज मंडावली के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार, आरएचएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार सहित अनेक शिक्षाविद, शिक्षक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### रंगोली ने बढ़ाई समारोह की भव्यता

**समारोह को आकर्षक एवं भव्य स्वरूप देने के लिए सुधीर कुमार राजपूत, पवन कुमार, अरशद अली, शाकिर हुसैन और नौशाद अख्तर ने मनमोहक रंगोलियां सजाईं। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन राजेंद्र कुमार सोलंकी एवं मनोज कुमार यादव ने किया।**

# दीपक गोयल ने गौशाला का निरीक्षण किया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** मंगलवार को प्रदेश गौसेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित कान्हा गौशाला, नूरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौवंशों की देखभाल, भूसा व चारा का भण्डारण गृह, रिकॉर्ड का रख-रखाव तथा उनके उपचार के संदर्भ में जांच की गयी। उन्होंने गौवंशों की समय से देखभाल करने, उपचार करने और मृतक गौवंशों के संदर्भ में निर्देश दिये गये तथा गौवंशों को अलग-अलग बांधने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे गौवंशों में आपस में हिंसक झड़प न हो। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि कान्हा गौशाला में क्षमता से अधिक गौवंशों को नहीं रखा जाए। जांच के समय मौके पर पशु चिकित्साधिकारी विनय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्र, गौशाला प्रभारी राजेन्द्र कुमार, सफाई नायक रवि कुमार, समस्त गौशाला केयर टेकर उपस्थित रहे।


गौशाला का निरीक्षण करते दीपक गोयल।

# छात्र-छात्राओं को वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** आरआर पब्लिक स्कूल में वन्यजीवों एवं वनों के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वन्यजीव सप्ताह 2026 का आयोजन किया गया। चांदपुर क्षेत्र से आए वन दरोगा मुकुल त्यागी ने स्कूल के बच्चों को वन्य जीवों का महत्व बताया। साथ ही उनके बचाव के लिए जागरूक किया। विद्यार्थियों को वन्य जीवों के प्राकृतिक घर, उनके बचाव के बारे में बताया गया। पेड़ लगाने एवं उनकी देखभाल करने, जल बचाने, प्लास्टिक एवं कूड़ा कम करने, पक्षियों के लिए पानी रखने, वन्यजीवों को परेशान न करने, वनाग्नि से बचने तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की अपील की गई है। स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। चंचल कटारिया के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदीप कुमार, पीतांबर सिंह, गजेंद्र सिंह, संजीव कुमार, आदित्य कटारिया, मुकुल शर्मा, कपिल कुमार, संजीव डबास, जीवन सिंह, स्वाति यादव आदि उपस्थित रहे।



बच्चों को जागरूक करते फॉरेस्ट एसआई मुकुल त्यागी।

धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु





**स्योहारा ( चिंगारी )। क्षेत्र के गांव भगवानपुर रैनी में भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। भीमगोडा हरिद्वार बिश्नोई आश्रम से आए कथा वाचक आचार्य स्वामी गोविंदशरणानंद जी महाराज ने कथा के पांचवें दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा विस्तारपूर्वक सुनाई। कथा में महंत स्वामी प्रणवानंद जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ।**

कथा वाचक आचार्य श्री ने कहा भगवान श्री कृष्णा राक्षसों का वध करने के लिए पृथ्वी पर अवतरित हुए थे। भगवान श्री कृष्णा की लीलाओं से हमें अपने जीवन में सीखना चाहिए कि कैसे परिस्थितियों के साथ हमको बदल जाना चाहिए। श्री कृष्ण का जन्म धूमधाम से मनाया गया और बच्चों को टॉफियां, खिलौने वितरित किए गए। कथा श्रवण करने के लिए नूरपुर विधानसभा से प्रत्याशी रहे सीपी सिंह चौहान भी पहुंचे और सभी संतों का माल्यार्पण आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने संबोधन में सीपी सिंह ने कहा की ब्रह्मलीन परम पूज्य स्वामी राजेंद्रानंद जी का आशीर्वाद सदैव उनके साथ रहा है। स्वामी जी विश्नोई समाज के लिए और पर्यावरण के लिए कार्य करते थे। हम सभी को सनातन संस्कृति के साथ भारत को विश्व गुरू बनाना है। इस दौरान व्यासपीठ की ओर से कथा में आए अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वामी अमृतानंद जी महाराज, स्वामी नरेशानंद जी महाराज, स्वामी भावानंद जी महाराज, स्वामी धर्मानंद जी महाराज, राजीव विश्नोई हरिद्वार, मिडिया प्रभारी अल्पशेष, सुमित्र कुमार, प्रदीप विश्नोई, जिला पंचायत सदस्य डाक्टर जगवीर सिंह, आलोक चौधरी, पंकज विश्नोई, अनुज विश्नोई, मनी विश्नोई, शेषपाल सिंह विश्नोई, ओमवीर सिंह,सीताराम सिंह, धर्मपाल सिंह, सचिन कुमार उर्फ पींटू बाबू,पंकज सिंह उर्फ नीटू, केशव सिंह, मंजीत विश्नोई, अतुल, शक्ति सिंह, विभू सिंह आदि मौजूद रहे।

## 17 साल 6 माह की उम्र में नौकरी लगने का मामला बना चर्चा का विषय

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बेसिक शिक्षा विभाग में 17 साल 6 माह की उम्र में ही नौकरी लगने के मामले का खुलासा होने से हड़कंप मच गया है। मामला पूर्व सपा सरकार का है, जिसमें एक जाति विशेष के व्यक्ति को लाभ दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिजनौर में कार्यरत एक लिपिक संवैधानिक नियमों को दर किनार कर 17 वर्ष 6 माह की उम्र में ही सरकारी नौकरी में नियुक्ति पा गया। पता चला है कि उसके विभागीय अभिलेखों के अनुसार जब नौकरी लगी थी, उस समय उसकी उम्र 17 वर्ष 6 माह थी। इस मामले को बीएसए भी दबाने में लगे हुए हैं। प्रयागराज उच्च न्यायालय के अधिवक्ता नरेश कौशिक ने शिकायत की जांच की मांग मुख्यमंत्री से की है। यह नियुक्ति सन् 1985 के आसपास राजकीय लिपिक के पद पर हुई थी। वर्तमान में जब यह बाबू जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर कार्यालय से ट्रांसफर होकर बीएसए बिजनौर कार्यालय में आया, तब यह बात पकड़ में आई, जिसे लेकर हड़कप मच गया और अब मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

# बिजनौर-छजलैट हाईवे पर हादसों का अड्डा बना खासपुरा

## जिलाधिकारी से लगाई स्पीड ब्रेकर और फुटपाथ की गुहार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के विकासखंड नूरपुर के ग्राम खासपुरा के ग्रामीणों में बिजनौर-छजलैट स्टेट हाईवे पर लगातार हो रहे हादसों को लेकर भारी रोष है। गांव के निवासी हरमन्दर सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह ने इस संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर सड़क पर स्पीड ब्रेकर और फुटपाथ बनवाने की मांग की है। हरमन्दर सिंह ने बताया कि उनका गांव खासपुरा स्टेट हाईवे के ऊपर स्थित है। गांव के शुरूआती हिस्से में तो डिवाइडर बना हुआ है, लेकिन मुख्य आबादी क्षेत्र में न तो डिवाइडर है और न ही पैदल चलने के लिए फुटपाथ की व्यवस्था है। जिस



कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सड़क पर चलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दूर-दराज से आने वाले वाहन चालक तेज रफ्तार में गांव से गुजरते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्रार्थी ने बताया कि इस मार्ग पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी महोदय से मांग की है कि जनहित को देखते हुए ग्राम खासपुरा की आबादी क्षेत्र में तत्काल स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाए और पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ बनवाने हेतु संबंधित विभाग को आदेशित किया जाए, ताकि भविष्य में होने वाले हादसों को रोका जा सके।

# गुलदार ने बकरी की गर्दन दबोची

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम कामराजपुर में नहर के किनारे चर रही बकरियों में से एक बकरी की गर्दन गुलदार ने दबोच ली। हालांकि लोगों के शोर मचाने पर गुलदार बकरी को छोड़कर भागने पर विवश हो गया, जिससे बकरी की जान बच गई। कामराजपुर निवासी नासिर मंगलवार की शाम लगभग 6 बजे गांव के पश्चिम से गुजर रही नहर के किनारे अपनी बकरियां चरा रहा था। गन्ने के खेत में घात लगाये बैठे गुलदार ने मौका देखकर एक बकरी की गर्दन दबोच ली। नासिर ने डंडा फटकारते हुए शोर मचाया, तो वहां अन्य लोग भी आ गये। इस पर गुलदार बकरी को छोड़कर भाग गया, जिससे बकरी की जान बच गई। हालांकि बकरी लहूलुहान हो गई। आज सुबह सामाजिक वानिकी के वन दरोगा विकास कुमार ने नासिर के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। खेत में जाकर गुलदार के पदचिन्ह भी देखे। वन दरोगा का कहना है कि घटनास्थल पर पिंजरा लगाया जायेगा। ज्ञातव्य है कि रविवार की शाम इसी तरह की घटना ग्राम सबलपुर बींतरा में भी घटी थी। वहां कल पिंजरा लगाया गया है। क्षेत्र में लगभग हर गांव से गुलदार देखे जाने की खबरें मिल रही हैं।



घायल बकरी को देखते वन दरोगा विकास कुमार।

# हम इस काले कानून को नहीं मानेंगे!

उत्तर प्रदेश सरकार का फार्मेसियों को पब्लिक वेबसाइट बनाने का तुगलकी फरमान व्यापारियों पर सीधा हमला है। हम इस काले कानून का पुरजोर विरोध करते हैं। यह फैसला छोटे रिटेल दवा व्यापारियों को बर्बाद करने की साजिश है। एक छोटा दुकानदार जो दिन-रात मेहनत करके अपना परिवार पाल रहा है, वो वेबसाइट कहां से बनाएगा? उसका मेंटेनेंस, साप्ताहिक स्टॉक अपडेट, फोटो अपलोड- क्या सरकार ने सोचा है कि इसके लिए कितना पैसा और समय लगेगा? यह पूरी तरह से अव्यावहारिक और व्यापारी विरोधी है। सरकार को लगता है कि हर दुकानदार IT कंपनी चलाता है। लाइसेंस, फार्मासिस्ट का फोटो, घर का पता, स्टॉक की पूरी जानकारी पब्लिक वेबसाइट पर डालना- इससे चोरी, लूट और फर्जी दवा माफियाओं को सीधा न्योता दिया जा रहा है। यह निजता और सुरक्षा का हनन है। अस्पताल की फार्मेसियों की खरीद और बिक्री दर सार्वजनिक करने का नियम तो और भी खतरनाक है। यह व्यापार की गोपनीयता को खत्म करना है। एमआरपी सरकार ही तय करती है, फिर PTR-PTC दिखाकर व्यापारी को चोर साबित करने का नाटक क्यों? हम साफ कह देना चाहते हैं- यह अंग्रेजी शाही हुकूमत नहीं चलेगी। हम अपनी दुकानों पर ताला लगाकर सड़क पर उतरेंगे, लेकिन इस काले कानून को लागू नहीं होने देंगे। सरकार तुरंत यह आदेश वापस ले।



**– राजकुमार गोयल, बिजनौर**

# 'नंद के आनंद भयो' के जयकारों से गूंजी काकरान वाटिका

**बिजनौर ( चिंगारी )। आदमपुर रोड स्थित काकरान वाटिका में किशोरी जू कृपा कथा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास परम श्रद्धेय यशोदा नंदन जी महाराज के मुखारविंद से कान्हा के जन्म की दिव्य कथा सुनते ही पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मुख्य यजमान रवि राज राणा एवं समस्त राणा परिवार ने व्यासपीठ का पूजन कर आरती उतारी।**



व्यासपीठ से कथा का रसपान कराते हुए श्रद्धेय यशोदा नंदन जी महाराज ने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार और अधर्म बढ़ता है, तब-तब भक्तों की रक्षा और धर्म की स्थापना के लिए ईश्वर अवतार लेते हैं। कंस के कारागार में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की आधी रात को जैसे ही भगवान का प्राकट्य हुआ, पंडाल में दिव्य झांकी के दर्शन कराए गए। वासुदेव जी द्वारा नन्हे कान्हा को टोकरी में रखकर उफनती यमुना पार कर गोकुल पहुंचाने के प्रसंग को सुनकर श्रोता भावुक हो गए। जैसे ही महाराज जी ने 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' का भजन शुरू किया, पूरा कथा पंडाल नृत्य करने लगा। फूलों और खिलौनों की बारिश के बीच बालकृष्ण के स्वरूप पर श्रद्धालुओं ने जमकर लाड लड़ाया। आज के दिन अशोक शर्मा, सुशील कौशिक, दिनेश शर्मा, राजीव अग्रवाल, नरेश शर्मा, विपिन चौहान, अनुभा शर्मा, शालू वाष्र्णेय, अमित, चिराग, मिथुन, निकुंज, अनीता वाजपेयी, मैत्रिय शर्मा, राजीव दानी आदि का सहयोग रहा। आज के प्रसाद में पंकज, हरिद्वार, विकास राणा व सिद्धार्थ शर्मा का योगदान रहा।

# महिला रक्तवीर शगुफ्ता परवीन एडवोकेट ने पांचवीं बार किया रक्तदान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर की बेटी शगुफ्ता परवीन एडवोकेट ने 5 वीं बार रक्तदान कर समाज को नई दिशा दी। सभी ने महिला रक्तवीर के इस जज्बे को सलाम किया है। नगर के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी कांग्रेस नेता नवेद फरीदी अब तक 58 बार रक्तदाता कर चुके है। शगुफ्ता परवीन नवेद फरीदी की भांजी हैं। मामा-भांजी दोनों रक्तदान के क्षेत्र में इस प्रेरणादायक कार्य की सभी ने प्रशंसा की। कांग्रेस नेता के पूरे परिवार में रक्तदान का जज्बा शुरू से चल रहा है। रक्तदान महादान टीम के अध्यक्ष फहीम अख्तर ने कहा कि ऐसी शिक्षित बेटियां, सशक्त समाज एडवोकेट होकर भी मानवता की सेवा में अग्रणी है। यह महिला सशक्तिकरण व रक्तदान की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि रक्तदान महादान-थैलेसीमिया मुक्त बिजनौर अभियान है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, रक्तदान बढ़ाओ यह बहुत बड़ा उदाहरण है। एक एडवोकेट बेटी का 5 बार रक्तदान करना, समाज की दूसरी बहन-बेटियों को भी प्रेरित करेगा।



अपना रक्तदान करती रक्तवीर शगुफ्ता परवीन।

# महेन्द्र सिंह टिकैत का जन्मदिन मनाया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल ग्राम उमरपुर में चौधरी योगेंद्र सिंह के निवास स्थान पर बाबा महेंद्र सिंह टिकैत का जन्मदिन बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। किसान सेवक मसरूर शेख, मोनू चौधरी, अतुल डबास, सनी चौधरी, सिमेंद्र चौधरी, अशोक चौधरी, सलमान, शेख अंजार, विपिन उमरी, राहुल शर्मा, नीटू राजपूत, तनिष्क, सुमित, काशिफ, मुनेंद्र गुनियापुर, कार्तिक, प्रदीप, दीपांशु, सोनू, हैबतपुर, अशोक नेताजी, नरेंद्र सिंह, अब्दुल बासित, गजेंद्र सिंह उमरी, आदि किसान उपस्थित रहे। इसके अलावा कल भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक किरतपुर अध्यक्ष अरविंद राजपूत के नेतृत्व में ब्लॉक कार्यालय पर महेंद्र सिंह टिकैत का जन्मदिन केक काटकर मनाया। इस अवसर पर हितेश चौधरी, राजेंद्र मोहन चौहान, मनोज चौहान, डिंपल राजपूत आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने पंचायत में किया जनसंवाद

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के वरिष्ठ सपा नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने ग्राम लालूवाला में जनसंवाद पंचायत का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने कहा कि सभी लोग लोकतंत्र में अपने मताधिकार का सोच-समझकर इस्तेमाल करते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर प्रयास करें। हाजी शफ़ीक़ अहमद की अध्यक्षता एवं इसरार अहमद के संचालन में पंचायत में सपा जिला सचिव डॉ. सईदुरहमान, दिलशाद अहमद, जाकिर अंसारी, वसीम अहमद, ज़ीशान अहमद अंसारी, तौसीफ़ अंसारी, सलीम अहमद, शमीम अहमद, नईम अहमद, हाजी सुबहान, हाजी इकबाल अंसारी, नसीम अहमद, वकीलुरहमान, शाहनवाज अहमद, सलीम अहमद, अब्दुल हमीद आदि मौजूद रहे।

# सपा नेता ने किया दो नए प्रतिष्ठानों का शुभारंभ



नए प्रतिष्ठान का फीता काटकर शुभारंभ करते फुरकान खान।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के सपा नेता फुरकान खान ने दो प्रतिष्ठानों का अलग-अलग स्थानों पर फीता काटकर शुभारंभ किया। नगर के मौहल्ला सब्जीग्रान में सपा नेता मौ. फुरकान खान ने नईम टेलीकॉम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर नईमुद्दीन मंसूरी, अफ़सार कुरैशी, मुकर्रम, मोहसिन, शाह आलम, ताबू, मौहब्बत अली आदि शामिल रहे। उधर नगर के मौहल्ला मजीदगंज में सपा नेता मौ. फुरकान खान ने जीशान टेलीकॉम का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर अब्दुल सलाम, शेरू, इमरान अंसारी, काशिफ मिर्जा, अफसर कुरैशी, नईमुद्दीन मंसूरी, तसलीम आदि मौजूद रहे। सपा नेता ने दोनों प्रतिष्ठनों के स्वामियों को मुबारकबाद पेश करते हुए उनकी तरक्की के लिए दुआ की।

# महिला व्यापारी सम्मेलन में सुरेन्द्र कपूर को सम्मानित किया गया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में गत 60 वर्षों से कोयले का व्यवसाय कर रहे सुरेन्द्र कुमार कपूर को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री कपूर ने आयोजकों के प्रति आभार व प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी मैंने कोयले का व्यवसाय नहीं छोड़ा। उनके पिता स्व. बनारसी लाल कपूर द्वारा 1966 में स्थापित इस व्यवसाय में उनके पिता की आत्मा बसती है। उन्हीं के आशीर्वाद-प्रेरणा से हमने इतना लम्बा सफर तय किया है।

# एनआईजीसी में फ्रेशर कप 2026-27 का शानदार आग़ाज़



नॉर्थ इंडिया में फ्रेशर कप में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, नजीबाबाद में सत्र 2026-27 का बहुप्रतीक्षित फ्रेशर कप बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता में क्रिकेट टूर्नामेंट, बैडमिंटन व वॉलीबॉल के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 9 टीमें हिस्सा ले रही हैं। फ्रेशर कप का उद्घाटन संयुक्त रूप से महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक इंजी. अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, संस्था के कुलसचिव गौरव वर्मा, प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान एवं डॉ. नीलावती ने किया। उद्घाटन के अवसर पर प्रबंध निदेशक इंजी. अवनीश अग्रवाल ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'खेल जीवन में अनुशासन, एकता व आत्मविश्वास का संचार करते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए।' पहला क्रिकेट मुकाबला बीटेक व फार्मेसी टीमों के बीच खेला गया। बीटेक टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 4 विकेट खोकर 80 रन बनाए। जवाब में फार्मेसी ने 59 रन ही बना सकी। बीटेक टीम ने यह मुकाबला 21 रन से जीत लिया। फ्रेशर कप 2026-27 कोऑर्डिनेटर शिव कुमार चौहान व डॉ. चंचल के निर्देशन में कराया जा रहा है। टूर्नामेंट में सहयोग के रूप में डॉ. शिवानी चौहान, विष्णु दत्त, प्रदीप कुमार, अमन कुमार शर्मा, विशाल अग्रवाल, अमित कुमार तथा कमल चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

# कभी खूब बिकता था पान, अब इक्का-दुक्का ही रह गये कद्रदान

**नांगल सोती (चिंगारी)। अब पान के कद्रदान भले ही इक्का-दुक्का रह गये हों, लेकिन कभी पान के शौकीन किशोरावस्था से लेकर हर उम्र के व्यक्ति हुआ करते थे। महिलायें भी खूब पान खाती थीं। 40 साल से पान बेच रहे वीरेन्द्र गुप्ता बताते हैं कि अब तो किसी-किसी दिन एक भी पान नहीं बिक पाता है।**

नांगल निवासी वीरेन्द्र गुप्ता, राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज की पुरानी दुकानों में पान की दुकान चलाते हैं। वे 4 दशक से यहीं पर पान बेच रहे हैं। वीरेन्द्र गुप्ता बताते हैं कि कभी पान की जमकर बिक्री होती थी। एक दिन में 40-50 पान बिक जाया करते थे, जबकि गांव में कोई बारात आई हो या कोई विशेष कार्यक्रम हो तो 100 पान तक बिक जाया करते थे। दरअसल दशकों पूर्व पान खाने के शौकीनों की बहुत बड़ी संख्या हुआ करती थी। किशोर, युवा, अधेड़, वृद्ध सभी आयु वर्गों के व्यक्ति पान खाते थे। महिलायें भी काफी संख्या में पान खाया करती थीं। कोई मीठा, तो कोई तम्बाकू वाले पान खाता था। तम्बाकू वाले पान भी कई प्रकार के होते थे।

पान का बॉलीवुड में भी जलवा था। वर्ष 1978 में रिलीज हुई महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्म 'डॉन' का पान पर गाया गया एक गाना खाइके पान बनारस वाला बहुत ही प्रसिद्ध हुआ था। आज भी वीरेन्द्र गुप्ता बताते हैं कि जब 4 दशक पूर्व उन्होंने पान बेचना शुरू किया था, तो मीठा और तम्बाकू वाला पान मात्र 25 पैसे में बिकता था। अब मीठा पान 20 रूपये और तम्बाकू वाला पान 10 रूपये से कम में बेचने में औसत नहीं आता है।



## अब तो पूजा की सामग्री में ज्यादा बिकते हैं पान के पत्ते

वीरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि अब पान खाने के शौकीन इक्का-दुक्का ही व्यक्ति रह गये हैं। किसी दिन तो एक भी पान नहीं बिकता है। अब तो ज्यादातर पान के पत्ते पूजा की सामग्री के रूप में बिकते हैं। नवरात्र में पान के पत्तों की अच्छी बिक्री होती है। पान के कद्रदान कम हुए, तो पान की दुकानें भी बंद होती चली गईं। पहले नांगल में 5-6 व्यक्ति पान बेचते थे और अब मात्र दो।

## गुटखा, खैनी ने कम कर दिये पान के शौकीन

**वीरेन्द्र गुप्ता कहते हैं कि गुटखा, खैनी, तम्बाकू की पुड़िया ने पान के शौकीनों की संख्या बहुत कम कर दी है। आजकल की पीढ़ी में गुटखा, खैनी की लत पड़ गई है। जबकि पान की तुलना में गुटखा, खैनी बहुत अधिक खतरनाक और नुकसानदायक है। गुटखा में सिंथेटिक रसायन, भारी मात्रा में तम्बाकू और निकोटीन होता है। गुटखा में कैंसर पैदा करने वाले तत्व होते हैं, जो मुंह के कैंसर और मुंह के कम खुलने (सबम्यूकस फाइब्रोसिस) के कारण बनते हैं। गुटखा में मौजूद निकोटीन खून में बहुत तेजी से घुलता है, जिससे इसकी लत जल्दी और गहरी लगती है।**

# 101 साल की उम्र में भी सुई धागे के साथ जवान हौसला

## मास्टर गिरधारी सिंह बने मिसाल

-हरमन्दर सिंह

**खासपुरा (चिंगारी)। उम्र महज एक संख्या है, इसे सच कर दिखाया है 101 वर्षीय मास्टर गिरधारी सिंह ने। 1926 में जन्मे गिरधारी जी आज भी बिना चश्मा लगाए सिलाई करते हैं। 7 साल पहले आंखों में लेंस लगने के बाद भी उन्होंने चश्मे को दूर रखा है।**



सिलाई इनका खानदानी पेशा है, जो इन्हें अपने पिता स्वर्गीय मास्टर रूपराम सिंह से विरासत में मिला है। पेंट, बुशर्ट और शर्ट के साथ-साथ इन्होंने रजाई और गोल व स्प्रिंग डिजाइन वाली मच्छरदानी बनाकर अपने हुनर को देश-विदेश तक पहुंचाया। उमरी बड़ी गांव के सरदार हरपाल सिंह राठौर के यहां वे 1984 से लगातार कार्य कर रहे हैं।





शिक्षा की बात करें तो उन्होंने 8वीं तक की पढ़ाई पैजानिया से और 10वीं त्यागी कॉलेज नहटौर से की है। एक पुत्र और तीन पुत्रियों का विवाह कर चुके गिरधारी जी 6 पोते, 5 परपोते और 3 पोतियों वाले भरे-पूरे परिवार के मुखिया हैं।

उनकी लंबी उम्र का राज है सादा जीवन। वे श्रीमद् भागवत सुखसागर का नियमित पाठ करते हैं, सादा भोजन करते हैं और मदिरा-तंबाकू से हमेशा दूर रहे हैं। रात 8 बजे सोना और सुबह 6 बजे उठना उनकी दिनचर्या है।

## हुनर कभी भूखा नहीं मरने देता

**नौकरी के पीछे मत भागो, हुनर सीखो। हुनर कभी भूखा नहीं मरने देता। मैंने 101 साल की उम्र में भी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाया। मेहनत करो, नशे से दूर रहो, बड़ों का सम्मान करो और रोज नियम से काम करो। सुई-धागे ने मुझे इज्जत दी है, आपका हुनर भी आपको इज्जत देगा।**






# आईएचएमएच में लगा रक्तदान शिविर




कोटद्वार ( चिंगारी )। इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज कोटद्वार की ओर से गढ़वाल राइफल्स के संस्थापक लॉट सूबेदार बलभद्र सिंह नेगी की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश की टीम ने 58 यूनिट रक्त का संकलन किया।

बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित कालेज परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का उप जिलाधिकारी कोटद्वार संदीप कुमार और कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी ने लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी की प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर और रिबन काट कर शुभारंभ किया। शिविर में सबसे पहले एसडीएम कोटद्वार संदीप कुमार ने रक्तदान किया। इसके बाद एम्स के डॉ. मोहन वंशी और डॉ. मृत्युंजय के निर्देशन में 15 कर्मियों की टीम के साथ रक्तदान शिविर संचालित हुआ। छात्र-छात्राओं ने लाइन पर लग कर पहले रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण कराया। इसके बाद अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने छात्र-छात्राओं का ब्लड ग्रुप, ह्युमोग्लोबिन और ब्लड प्रेशर की जांच की, जिसमें करीब 52 छात्र-छात्राएं ह्युमोग्लोबिन की कमी के कारण रक्तदान से वंचित रह गए। जबकि कुछ छात्र-छात्राओं की उम्र 18 से कम होने पर वे रक्तदान नहीं कर सके। 58 छात्र छात्राओं और कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, एम्स के वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी वरुन विग्नेशन, रिचा पांडे, गीतांजलि, मेडिकल सोशल अधिकारी इमरान सहित कॉलेज के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

## फास्ट फूड से बढ़ रही खून की कमी

**पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर मोहन वंशी ने बताया कि वर्तमान में खान पान और शारीरिक व्यायाम की कमी के कारण छात्रों में रक्त की कमी पाई जा रही है। कहा कि बच्चे फास्ट फूड का सेवन कर रहे है, जो कि शरीर के लिए हानिकारक होता है। उन्होंने छात्रों से स्वस्थ जीवन के लिए अपने आहार में हरी सब्जी, सलाद और दालों का उपयोग करने की अपील की।**

# राजकीय इंटर कालेज को प्रदान किए कम्प्यूटर

कोटद्वार ( चिंगारी )। कोटद्वार विधानसभा के अंतर्गत कालागढ़ स्थित राजकीय इंटर कालेज को भारतीय कृषि बीमा कंपनी और आधारशिला संस्थान की ओर से कम्प्यूटर प्रदान किए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधान सभा विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि आज के बदलते दौर में शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है। कंप्यूटर शिक्षा विद्यार्थियों को आधुनिक दुनिया की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के साथ ही उनके लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर खोलती है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कालागढ़ मीनाक्षी चौधरी, भारतीय कृषि बीमा के क्षेत्रीय प्रबंधक तरुण कुमार सिंह और आधारशिला संस्थान के संस्थापक नरेश चंद्र घिल्डियाल व प्रधानाचार्य सतीश कुमार सहित शिक्षकगण, क्षेत्रवासी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महापौर ने किया सीवर लाइन कार्य का औचक निरीक्षण



ऋषिकेश ( चिंगारी )। नगर निगम ऋषिकेश के महापौर शम्भू पासवान ने आज क्षेत्र में प्रगतिरत सीवर लाइन कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं जमीनी स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर शम्भू पासवान ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीवर लाइन का कार्य निर्धारित मानकों एवं उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्य की नियमित निगरानी के साथ निर्धारित मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। महापौर ने सड़क खुदाई के दौरान आमजन को होने वाली असुविधा को गंभीरता से लेते हुए निर्देशित किया कि किसी भी स्थान पर सड़क की खुदाई करने से पूर्व स्थानीय नागरिकों को इसकी सूचना अनिवार्य रूप से दी जाए। साथ ही, निर्माण स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने तथा आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महापौर शम्भू पासवान ने कहा कि विकास कार्य जनता की सुविधा के लिए किए जा रहे हैं, इसलिए निर्माण कार्यों के दौरान नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# पीएचसी में न डॉक्टर, न दवाई पूर्व मंत्री नेगी को समस्या बताई

कोटद्वार ( चिंगारी )। भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाइयों एवं चिकित्सक की कमी के साथ-साथ स्वास्थ्य केंद्र के जर्जर भवन की समस्या को लेकर क्षेत्र की महिलाओं के शिष्टमंडल ने पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी से मुलाकात कर स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। महिलाओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री को अवगत कराया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध नहीं होने तथा चिकित्सक की कमी के कारण क्षेत्रवासियों को उपचार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र का भवन भी लंबे समय से जर्जर स्थिति में है और भवन में सीलन की समस्या बनी हुई है। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पूर्व मंत्री ने मौके पर ही सीएमओ पौड़ी डॉ. मेघना असवाल से दूरभाष पर वार्ता की और स्वास्थ्य केंद्र की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए दवाइयों की कमी दूर करने तथा चिकित्सक की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा। इस दौरान सीएमओ ने पूर्व मंत्री को आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित किए जाने का भरोसा दिलाया। पूर्व मंत्री से मुलाकात करने वालों में अंजू देवी, चंद्रकला देवी, सुनीता देवी, मंजू देवी आदि प्रमुख रही।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# अधिकारियों ने किया सड़कों के मरम्मत कार्यों का भौतिक सत्यापन

कोटद्वार ( चिंगारी )। वर्तमान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में जनपद में सड़कों को गड्ढामुक्त, बनाने जिलेभर में अभियान चलाए जा रहा हैं। इसके तहत तहसील कोटद्वार क्षेत्र में विभिन्न निर्माण खंडों द्वारा किए जा रहे पैच/मरम्मत कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क मरम्मत कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशन में चलाए जा रहे सत्यापन अभियान के दौरान उपजिलाधिकारी कोटद्वार संदीप कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग धुमाकोट द्वारा कौड़िया में किए जा रहे पैच मरम्मत कार्य का जायजा लिया। इस दौरान सहायक अभियंता आशीष सैनी को मरम्मत कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री एवं तकनीक का उपयोग सुनिश्चित करने तथा कार्य को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में लोनिवि दुगड्डा द्वारा सिम्मलचौड़, देवी रोड, नींबूचौड़ एवं घमंडपुर में किए जा रहे पैच मरम्मत कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। सत्यापन के दौरान सहायक अभियंता कपिल कुमार एवं अवर अभियंता दीपेंद्र रावत को सड़क मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ ही कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए।

# राष्ट्रीय रॉकेट्री प्रतियोगिता में चमके स्कालर्स एकेडमी के बाल वैज्ञानिक

कोटद्वार ( चिंगारी )। हल्द्वानी के गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में चल रही दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की आकाशयान प्रतियोगिता-2026 के पहले दिन कोटद्वार के स्कॉलर्स एकेडमी के छात्रों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम देश भर में रोशन किया।

प्रधानाचार्य एकता रावत ने बताया कि प्रतियोगिता के कड़े मुकाबलों में से एक एयर रॉकेट्री प्रतियोगिता में एकेडमी के कक्षा 4 के छात्र प्रणव नेगी और कक्षा 5 के छात्र मानविक रावत की जोड़ी ने तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस श्रेणी में एकेडमी के छात्रों ने डीपीएस रुद्रपुर और ब्राइट स्टार्ट जसपुर जैसी मजबूत टीमों को पछाड़कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं वैज्ञानिक सोच के साथ-साथ रचनात्मकता के क्षेत्र में भी विद्यालय की कक्षा 5 की छात्रा वंशिका मधवाल ने जूनियर स्पेस आर्ट प्रतियोगिता में अपनी कल्पना के रंग बिखेरते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, वायु और जल के दबाव की जटिल तकनीक पर आधारित हाइड्रो रॉकेट्री के कड़े मुकाबले में कक्षा 6 के छात्र अर्णव मोघा और कक्षा 7 के छात्र आरुष शाह की जोड़ी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तीसरा स्थान हासिल करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इस श्रेणी में उनका सीधा मुकाबला देश के प्रतिष्ठित सिंधिया स्कूल ग्वालियर के साथ था। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के 82 नामी विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गांवों में बदल रही परिवार की तस्वीर

## बड़े परिवारों की जगह छोटे परिवार

**अमरोहा ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गांवों में कभी आठ-नौ बच्चों वाले बड़े किसान परिवार आम हुआ करते थे, लेकिन जमीन के लगातार बंटवारे, सीमित कृषि जोत और बच्चों के बेहतर भविष्य की चिंता ने ग्रामीण समाज की सोच बदल दी है। अब गांवों में एक या दो बच्चों वाले परिवार सामान्य दिखाई देते हैं और कई परिवार एक बेटा-एक बेटी को संतुलित परिवार मान रहे हैं। स्थानीय स्तर पर मुरादाबाद, मेरठ और सहारनपुर मंडलों के चुनिंदा गांवों में हुई बातचीत पर आधारित सर्वे में शामिल करीब 62 प्रतिशत पुरुषों ने माना कि गांवों की पुरानी चहल-पहल अब बीते दिनों की बात होती जा रही है। किसानों और ग्रामीण परिवारों से हुई बातचीत में मुरादाबाद के अशोक गुर्जर पटेल, अमरोहा के देहरा चक निवासी चौधरी परविंदर सिंह और चौधरी नरेश सिंह, देहरी के कैलाश गुर्जर, मुकीमपुरा के अमरपाल सैनी, मोहद्दीनपुर के जितेंद्र कटारिया, गजरौला के जयकरण सैनी, चकनवाला के महाशय जयचंद और जैनुल आबेदीन, तिगरिया भूड़ के रणबीर सिंह, मुरादपुर के सोनू तथा अफजलपुर के रामौतार सैनी और मलेशिया के महावीर सिंह यादव समेत कई किसानों ने परिवारों के घटते आकार और खेती पर पड़ रहे इसके दूरगामी प्रभाव की तस्वीर सामने रखी।

बिजनौर के मास्टर राजपाल सिंह और डॉ. मनोज कटारिया, संभल के चौधरी रामपाल सिंह, रामपुर के राजेश गंगवार, सहारनपुर मंडल के देवबंद ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख चतर सिंह, प्रसिद्ध गांव मिरगपुर निवासी डॉ. विजय पंवार, रामपुर मनिहारान के राजीव पंवार और मुकुल पंवार, बागपत के बोढ़ा गांव निवासी मास्टर वेदप्रकाश और प्रधान कुलदीप सिंह तथा मेरठ के बड़े किसान रणसिंह एडवोकेट से हुई बातचीत में भी छोटे परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति पर चर्चा हुई। किसानों के मुताबिक पहले अधिक बच्चों का मतलब खेत और पशुपालन के काम के लिए घर में अधिक श्रमशक्ति होना था। अब परिवार छोटे हो गए हैं और बच्चे पढ़ाई या नौकरी के लिए शहरों का रुख कर रहे हैं, इससे पैतृक खेती का स्वरूप बदल गया है। हल-बैल की जगह ट्रैक्टर और आधुनिक कृषि मशीनों का इस्तेमाल बढ़ा है, जबकि पारिवारिक श्रम की कमी पूरी करने के लिए बाहरी और प्रवासी मजदूरों पर निर्भरता बढ़ रही है।

हापुड़ जिले के सिंभावली क्षेत्र के पूर्व ब्लॉक प्रमुख महाराज सिंह का परिवार गांव से शहर की ओर बढ़ते बदलाव का उदाहरण है। परिवार की नई पीढ़ी दिल्ली, गाजियाबाद और मुंबई जैसे बड़े शहरों में बस चुकी है। लोनी (गाजियाबाद) के पूर्व ब्लॉक प्रमुख रहे महाराज सिंह के परिवार के सुरेश, तपसी कसाना और राजकुमार, मेरठ के निकट पांचली गांव के सतबीर सिंह, ओमबीर सिंह और पूर्व प्रधान अनिल सिंह, हापुड़ के बड़े गांव नानपुर के नंबरदार छतर सिंह के परिवार के योगेंद्र सिंह और ऋषिपाल सिंह, राजपुर मंडैय्या के हरबीर सिंह, प्रधान देवेंद्र सिंह, रविंद्र चौधरी तथा गोहरा मुदाफरा के वीर सिंह समेत ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में जमीन और मकान तो बचे हैं, लेकिन युवा शहरों में चले गए हैं।







